आकाशवाणी केन्द्र शिमला

16.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

प्रधानमंत्री स्टाटर्टअप

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने प्रदर्शनी क्षेत्र का अवलोकन किया और प्रदर्शकों से बातचीत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अपने दृढ़ संकल्प और समर्पण से हमारे युवा साथी स्टार्टअप की दुनिया में नित नये रिकार्ड बना रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं का जोश और जुनून विकसित भारत के सपने के साकार करने में सबसे बड़ी शक्ति बनने वाला है।

गौरतलब है कि स्टार्टअप इंडिया की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक दशक पूर्व 16 जनवरी, 2016 में की थी। इसका शुभारंभ नवाचार, उद्यमशीलता को बढ़ावा देने और निवेश संचालित वृद्धि को आगे बढ़ाने के लिए परिवर्तनकारी राष्ट्रीय कार्यक्रम के रूप में हुआ था। इसका उद्देश्य भारत को नौकरियां ढूढ़ने वालों की बजाय नौकरियां सृजित करने वाले देश में रूप में स्थापित करना है। पिछले एक दशक में स्टार्टअप इंडिया भारतीय अर्थव्यवस्था और नवाचार तंत्र के मूलभूत तत्व के रूप में उभरा है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने केंद्र के समक्ष प्रदेश के सेब उत्पादकों के हितों की पैरवी करते हुए सेब पर शत प्रतिशत आयात शुल्क लगाने का आग्रह किया है। कल नई दिल्ली में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ बैठक में उन्होंने विदेशी सेबों के बढ़ते आयात से राज्य के सेब उत्पादकों को हो रही भारी क्षति से उन्हें अवगत करवाया। मुख्यमंत्री ने लगभग अढ़ाई लाख सेब उत्पादकों के हितों के लिए सेब को 'विशेष श्रेणी' में शामिल करने की मांग की ताकि प्रदेश के किसानों को अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा से संरक्षण मिल सके। मुख्यमंत्री ने न्यूजीलैंड के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते पर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले एक दशक में यहां से सेब आयात अढाई गुना बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि अप्रैल से अगस्त के दौरान न्यूजीलैंड के सेब पर 25 प्रतिशत शुल्क छूट के कारण कोल्ड स्टोरेज में रखे गए हिमाचल के सेब के दाम गिर रहे हैं, जिससे ऑफ–सीजन व्यापार पूरी तरह प्रभावित हो रहा है।

<u>जे. पी. नड्डा</u>

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नई दिल्ली में केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से भेंट की। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री से हिमाचल प्रदेश से जुड़ी परियोजनाओं से संबंधित मुद्दों को केंद्र सरकार के समक्ष रखने और प्रदेश के विकास में सहयोग का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य क्षेत्र को सुदृढ़ करने सहित स्वास्थ्य अधोसंरचना के विकास से जुड़ी परियोजनाओं व आयुष्मान भारत योजना में केन्द्रीय सहयोग की भी मांग की। इस दौरान जगत प्रकाश नड्डा ने हिमाचल को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

<u>शिक्षा मंत्री</u>

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज शिमला से प्रदेश के सरकारी स्कूलों के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के दल को एक्सपोजर विजिट के लिए रवाना किया। इस यात्रा के अंतर्गत बच्चों को चंडीगढ़, अमृतसर और वाघा बॉर्डर जैसे ऐतिहासिक, सांस्कृतिक व शैक्षणिक महत्व के स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। इस दल में कुल एक सौ 56 सदस्य शामिल हैं, जिनमें 96 विशेष आवश्यकता वाले बच्चे, स्पेशल एजुकेटर्स, समावेशी शिक्षा के अधिकारी शामिल हैं। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को एक्स्पोज़र प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी समग्र शिक्षा द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

नमस्कार